वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 326 | रविवार 26 मार्च 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर



# राजसी ठाठ-बाट से निकली बूढ़ी गणगौर की शाही सवारी

### लोक कलाकारों ने जमकर किया डांस, दो दिवसीय फेस्टिवल का हुआ समापन






**जयपुर.कासं**

गणगौर का दो दिन का फेस्ट शनिवार को बूढ़ी गणगौर की शाही सवारी के साथ सम्पन्न हुआ। दूसरे दिन भी शहर में जनानी ड्योढ़ी से गणगौर की शाही सवारी निकली। शाही लवाजमे के साथ गणगौर की सवारी के आगे लोक कलाकारों ने राजस्थानी फोक डांस कर अलग ही माहोल बना दिया। गणगौर की शाही सवारी को देखने के लिए दूसरे दिन भी लोगों की भीड़ उमड़ी। शनिवार शाम त्रिपोलिया गेट से निकलकर गणगौर माता की सवारी त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होते हुए तालकटोरा के पालका बाग पहुंची। इस बीच राजस्थानी डांसर कालबेलिया, कच्छी घोड़ी, चकरी, गेर जैसे फोक डांस करते हुए चले। इस दौरान गजराज पर पूर्व जयपुर राजघराने का पचरंगा फ्लैग लहराया गया। वहीं लवाजमे में बैलगाड़ी, सजे-धजे ऊंट और घुड़सवार भी शामिल हुए। जैसे ही चांदी की पालकी में विराजित गणगौर माता की शाही सवारी गेट से बाहर निकली। तो लोगों में दर्शनों की होड सी लग गई। पीछे कलश लिए महिलाएं मंगल गीत गाते हुए निकली।



स्थानीय लोगों के साथ देशी-विदेशी ट्यूरिस्ट भी गणगौर की शाही सवारी देखने पहुंचे थे। वहीं सड़क पर खड़े लोग राजस्थानी कलाकारों के साथ नाचते भी नजर आए। पर्यटन विभाग के उप निदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि विदेशी सैलानियों के लिए त्रिपोलिया गेट के सामने स्थित हिंद होटल की छत पर इंतजाम किए गए। इस बार गणगौर फेस्टिवल में प्रदेशभर से 100 से अधिक लोक कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इनमें कच्ची घोड़ी, मयूर नृत्य, अलगोजावादक, कालबेलिया नृतकों के समूह, बहुरुपिया कलाकार, मांगणियार और तेरहताली की प्रस्तुतियां टूरिस्ट्स को सबसे ज्यादा आकर्षित करने वाली थी। इस दौरान शोभायात्रा में पारंपरिक तोप धारक वाहन, सजे हुए रथ, सजे-धजे घोड़े और ऊंटों का लवाजमा शामिल हुआ। गणगौर की सवारी के अंत में ढाल धारी चोबदार और पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं चलती नजर आईं। राजस्थानी परंपरागत नृत्य और कच्छी घोड़ी, कालबेलिया नृत्य बहुरुपिया कला, गेर और चकरी सहित अन्य मनोरंजक कार्यक्रम स्थानीय श्रद्धालुओं और देशी-विदेशी पावणों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

# आज एक साथ जयपुर में 5 रक्तदान शिविर का आयोजन

### आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक लगेंगे 31 रक्तदान शिविर, 25 मार्च तक लगे 13 रक्तदान शिविरों में हुआ 600 यूनिट रक्त एकत्र

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से लग रहे हैं रक्तदान शिविर

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के तत्वावधान में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक 31 रक्तदान शिविरो का आयोजन किया जाएगा। शिविर परामर्शक दर्शन - विनीता जैन व समन्वयक मनीष - शोभना लोंग्या ने बताया कि 14 मार्च से महावीर कॉलेज से शुरू हुए इस मानव सेवा के कार्य में 25 मार्च तक आयोजित 13 रक्तदान शिविरो में अब तक लगभग 600 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है। सन्मति अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका सचिव अनिल - निशा



संघी ने बताया कि इसी क्रम में आज 26 मार्च को जयपुर शहर में एक साथ 5 रक्तदान शिविर मधुवन जैन मंदिर टोंक रोड, पार्श्वनाथ जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर, जैन मंदिर नेमीसागर कॉलोनी वैशाली नगर, महावीर जैन मंदिर मुरलीपुरा, बंजी ठोलियो की धर्मशाला, घी वालो का रास्ता जोहरी बाजार विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से लगाए जा रहे हैं। रविवार, 2 अप्रैल को होगा जीवन रक्षक सम्मान समारोह तथा 48 मंडल पर भक्तामर अनुष्ठान समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेंद्र के गोधा की स्मृति में दूसरा जीवन रक्षक सम्मान समारोह व 48 मंडल पर भक्तामर अनुष्ठान का आयोजन रविवार, 2 अप्रैल को साय 7 बजे से भट्टारक जी की नसिया के छतरी वाले भाग में भव्य रूप में होगा। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या व सचिव निर्मल संघी ने बताया कि समारोह में सभी 31 रक्तदान शिविर आयोजक संस्थाओं को समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेंद्र के गोधा की स्मृति जीवन रक्षक सम्मान से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## रविवार,2 अप्रैल को सायंकाल होगा स्वर्गीय राजेंद्र के गोधा स्मृति जीवन रक्षक समारोह 2023

# स्वस्तिक ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर के 2621 वें जन्मोत्सव पर आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक रक्तदान कार्यक्रम के अंतर्गत दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति व फेडरेशन राजस्थान रीजन एवं दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट मालवीय नगर के संयुक्त तत्वावधान में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप स्वस्तिक द्वारा 3 सेक्टर, शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मालवीय नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वस्तिक ग्रुप के सचिव अजीत -शकुन बड़जात्या ने बताया कि मधु बाकलीवाल, शकुन बड़जात्या, रंजना बोहरा,रश्मि जैन, किरण जैन द्वारा मंगलाचरण के पश्चात वीरेंद्र जैन-शांता जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का प्रारंभ किया गया। स्वस्तिक ग्रुप के अध्यक्ष सतीश बाकलीवाल द्वारा वीरेंद्र कुमार जैन,उत्तम कुमार जैन पांड्या, यशकमल अजमेरा, राजेश बड़जात्या, निर्मल सांघी, राकेश गोदिका एवं अन्य अतिथियों का दुपट्टा, माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। शिविर में 16 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप स्वस्तिक के अध्यक्ष सतीश-मधु बाकलीवाल, सचिव अजीत-शकुन बड़जात्या, कोषाध्यक्ष पवन-रेखा ठोलिया, डायरेक्टर अशोक-रश्मि जैन,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरचंद पाटनी,उपाध्यक्ष रंजू बाकलीवाल कार्यकारिणी सदस्य किरण जैन,सुज्योति-पुष्पलता जैन के अलावा प्रेम-रंजना बोहरा, किशोर-मीना ठोलिया, प्रदीप-बेला पाटनी, अनिल-मंजू साह, रोहित-सविता, राजकुमारी अजमेरा के अलावा मंदिर ट्रस्ट से विमल जैन, मुकेश बागायत, पी सी जैन,नरेंद्र जैन, विजय-पुष्पा कासलीवाल, अरुण काला आदि उपस्थित थे। नवीन सदस्य अशोक-रजनी जैन, राजेश-नीता जैन का स्वागत सतीश-मधु बाकलीवाल, पवन-रेखा ठोलिया अशोक-रश्मि जैन द्वारा माला दुपट्टा से किया गया। शिविर आयोजन की सभी व्यवस्थायें मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी मुकेश बागायत, विमल बड़जात्या द्वारा की गई तथा कार्यक्रम का संयोजन राजकुमार-स्नेहलता द्वारा किया गया शिरोमणि संरक्षक,चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर, मालवीय नगर उत्तम कुमार जैन पांड्या, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष यशकमल अजमेरा, राजस्थान रीजन के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, सचिव निर्मल संघी अन्य पदाधिकारी, सन्मति ग्रुप के कुशल एवं सक्रिय अध्यक्ष राकेश गोदिका,उपाध्यक्ष राकेश संघी,सचिव अनिल संघी,10 सेक्टर चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर के कोषाध्यक्ष विजय-पुष्पा कासलीवाल आदि ने गौरवमयी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सम्मान स्वरूप सभी रक्तदाताओं को यातायात अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत हेलमेट स्मृति स्वरूप दिया गया। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सहयोग से इस भव्य रक्तदान शिविर में सभी उपस्थित रक्तदाताओं,दीपप्रज्वलन कर्ता रीजन से एवं मालवीय नगर से पधारें सब माननीय अतिथि एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग



से पधारी डॉक्टर्स -टेक्नीशियन टीम का स्वस्तिक ग्रुप के निदेशक अशोक-रश्मि जैन द्वारा आभार धन्यवाद व्यक्त किया गया।



# राजीव कश्यप बेस्ट एन्टरप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

युवा उद्यमी व प्रमुख समाजसेवी राजीव कश्यप को बेस्ट एन्टरप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित किया। कश्यप को यह सम्मान दिल्ली में हुए एक समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सलाहकार रमणाचार्य, राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, एबीबीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविन्द कुलकर्णी ने प्रधान कर किया। इस मौके पर महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस,केन्द्रीय केबिनेट मंत्री प्रहलाद जोशी, रोहतक के बीजेपी सांसद अरविन्द्र शर्मा भी मौजूद रहे। खनन व्यवसायी राजीव कश्यप ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा, विवाह आदि में निरंतर सहयोग करते रहते है। भविष्य में वे इस वर्ग के लिए सदैव सहयोग करते रहे। खनन व्यवसाय से जुड़े कष्यप ने यह भी बताया कि पिछले 9 वर्षों से राजस्थान, मध्यप्रदेश व हरियाणा में यह व्यवसाय सफलतापूर्वक कर रहे हैं। वर्तमान में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ, राजस्थान के युवा प्रदेशाध्यक्ष सहित संस्थाओ से जुड़कर समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है।

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ ने बच्चों को खाना खिलाया



जयपुर। जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ के तत्वावधान में मातृछाया बाल ग्रह वैशाली नगर दिनांक 24 मार्च 2023 को प्रमोद- सुनीता पाटनी के सहयोग से भोजन वितरित किया गया। ग्रुप अध्यक्ष अभय गंगवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सुनील सोगानी, संगठन मंत्री प्रमोद पाटनी, विषुतोष चांदवाड कार्यकारणी सदस्य अंजना जैन, मुनिया सोगानी, सुनीता पाटनी नीति चंदवाड़ एवं ग्रुप के अनेक सदस्य गण उपस्थित थे।

## स्वयं से साक्षात्कार है सिद्धार्चना : आचार्य विनिश्चयसागर



**ललितपुर. शाबाश इंडिया।** प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ विकासखंड महरौनी में मनोकामना अतिशयकारी अरनाथ भगवान की छत्रछाया में आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज ससंघ, आचार्य श्री विबुद्ध सागर जी महाराज, उपाध्याय श्री विशोकसागर जी महाराज ससंघ सान्निध्य में ब्र. जय कुमार जी निशांत भैया के निर्देशन में आठ दिवसीय सिद्धार्चना का अनुष्ठान विधि-विधान के साथ चल रही है। गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के शिष्य श्रमणाचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज का नवागढ़ में मंगल पदार्पण हुआ। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य निर्मल जैन घुवारा ने प्राप्त किया।

**प्रवर्तक सुकन मुनि महाराज ने कहा...**

# समय को साधलो जीवन संवर जाएगा



**सोजतसिटी. शाबाश इंडिया**

समय को साधलो जीवन संवर जायेगा : प्रवर्तक सुकनमुनि महाराज ने श्री मरूधर केसरी गुरू सेवा समिति मे शनिवार को धर्म चर्चा के दौरान कहां कि बिता हुआ समय दुबारा लौटकर आने वाला नहीं समय की महत्ता को जानने वाले प्राणी अपने जीवन ही सुखमय बन सकता है ।समय बड़ा अमूल्य है वही व्यक्ति संवार पायेगा जो धर्म के मार्ग पर चलेगा। उपप्रवर्तक अमृत मुनि ने कहां कि जो.व्यक्ति समय के साथ चलता वही जीवन में लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। इसदौरान युवाप्रणेता महेश मुनि,बालयोगी अखिलेश मुनि,डॉक्टर वरूण मुनि आदि संतो ने धर्मचर्चा मे विचार व्यक्त किये। गुरू सेवा समिति के विकास धोका ने बताया चैन्नाई,बैगलोर पाली आदि क्षेत्रों से पधारे।ताराचंद सुराणा तथा बैगलोर गुरू मिश्री महिला विंग के सेक्रेटरी नीतु बापना, सुमती सुराणा आदि अतिथियों के साथ श्री संघ के अध्यक्ष ललित पंगारिया, मंत्री राजेश कोरिमूथा, कैलाश चन्द अखावत गौतम चन्द धोका की धर्मचर्चा मे उपस्थित रही ।सोमवार को नव निर्मित श्री मरूधर केसरी जैन स्थानक का समारोह मे उद्घाटन किया जायेगा इसदौरान मरूधरा मणी इन्दु प्रभा,डॉक्टर दर्शनप्रभा डॉ. चेतना आदि साध्वी मंडल के साथ गुरूभगवंतो के सानिध्य भी प्राप्त होगा।

# डॉ मुनिश्री पुलकित कुमारजी का आगमन हुआ पंढरपुर में

**पंढरपुर. शाबाश इंडिया।** युगप्रधान, शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुशिष्य डॉ मुनिश्री पुलकित कुमारजी, मुनि आदित्य कुमारजी ठाणा 2 का औरंगाबाद के निकटवर्ती क्षेत्र सिडको महानगर वालूज पंढरपुर तथा राजंनगाव में पदार्पण हुआ। पंढरपुर महावीर भवन जैन स्थानक में मुनिश्री का क्या हम भी महावीर बन सकते हैं ? विषय पर विशेष प्रवचन आयोजित हुआ। मुनिश्री ने कहा राग और द्वेष की ग्रन्थियो से मुक्त रहने वाला ही महावीर बन सकता है। कलियुग में भी धर्म का आलंबन लेकर महावीर बनने की अर्हता प्राप्त हो सकती है। जैन श्वेताम्बर स्थानकवासी श्रावक संघ पंढपुर के अध्यक्ष संतोष चोरड़िया ने स्वागत भाषण किया। डॉ आंनद नाहर, श्रीमती संगीता चोरड़िया, नौरतमल बेदमुथा, मुनिआदित्य कुमारजी तथा चंद्रकांत चोरडिया ने गीत वक्तव्य के द्वारा विचार व्यक्त किए। सिडको महानगर में मुनिश्री डॉ आनंद नाहर पंढरपुर में दीपक चौरडिया तथा बजाज नगर में मिलापचंद जोगड़ के यहां विराजे। साध्वी उज्जवलप्रभाजी अनुप्रेक्षाश्रीजी की संसार पक्षीय माता श्रीमती पानाबाई सुवालालजी जोगड़ को महावीर जोगड़ के यहां मुनिश्री ने सेवा दर्शन का विशेष लाभ दिया। मुनि देवार्य कुमारजी के संसार पक्षीय भाई उत्सव कोटेचा के यहां भी मुनिश्री ने पगलीया किए। संघ प्रभावना की दृष्टि से मुनिश्री का यह प्रवास बड़ा ही लाभकारी रहा। आगामी पूज्य गुरुदेव के औरंगाबाद पदार्पण प्रवास के संदर्भ में मुनिश्री ने सभी कार्यकताओं को प्रेरणा प्रदान की।



## वेद ज्ञान

### जीवन के नए-नए मार्ग...

मूल्यांकन की इच्छा मानव में निरंतर उपजती रहती है। अनजान व्यक्ति से मिलने पर क्षणभर में पूर्ण जीवन कथा जानने की छटपटाहट बड़ा संकट उत्पन्न करती है। सामने वाले को तत्काल प्रभाव में लेने की शीघ्रता समस्या बढ़ाती है। किसी से पलक झपकते ही सर्वस्व ज्ञात करने का सूत्र अभी तक ज्ञात नहीं है। जिसे जिस क्षेत्र का कोई ज्ञान नहीं रहता वह उसी क्षेत्र का यक्ष प्रश्न करता है। शिक्षा संस्थाओं में विषय अनिवार्यता के अलावा अनेक क्षेत्र में धनोपार्जन करने के लिए नए-नए मार्ग खोजे गए हैं। परिश्रमी की भीड़ से अलग सफलता का सार्थक मानदंड खोजने वाले नियम परिवर्तन में विश्वास रखते हैं। समान योग्यता वालों में किसी को सेवा का अवसर मिलने पर ऊंचाई का शिखर मिलते देर नहीं लगती। द्वार से भगाए गए तुलसी की भांति गुरु नरहरिदास की खोज में जीवन गुजर जाता है। वरदानदाता के लिए पैर पकड़कर पीछे खींचने वाले भस्मासुर बन जाते हैं। अपनी सीमा से अधिक कोई पचाना नहीं जानता। समय की आंच में तपकर निखरना सामान्य व्यक्ति के बस की बात नहीं है। पग-पग पर प्रतिकूलता से जूझने वाले लोहा लेते-लेते पारस पत्थर बन जाते हैं। कोयला अधिक ताप के दबाव में हीरा बनकर गौरवान्वित होता है। संकट सहते-सहते सामान्य मनुष्य महापुरुष बन जाता है। प्रशंसा का प्रोत्साहन कृतज्ञता बढ़ाता है। कृतज्ञता योग्यता पहचानने का तत्व है। उगते सूर्य को सभी प्रणाम करते हैं, पर अस्ताचल में जाते सूर्य को छठ पर्व में ही अर्घ्य चढ़ता है। पद का संबंध योग्यता से है। योग्य के स्थान पर अयोग्य को पद थोपकर योग्यता बढ़ाई जाती है। पद को भगवान बनाने के कारण अहंकार में वृद्धि होती है। प्रयास के बगैर प्राप्त फल अकर्मण्यता का पोषक है। अयोग्यता स्वयं से श्रेष्ठ को नकारती है। हाथी की पग-पग पर पूजा ही श्वान का दुख बढ़ाती है। दुर्जन सज्जनता को कायरता मानते हैं। सज्जन निश्छल परिश्रम में जीते हैं। प्रश्न पर अतार्किक प्रश्न करना मूर्खता का प्रतीक है। हर बात में प्रश्न अर्थ का अनर्थ करता है। भरत चित्रकूट में कहते हैं, 'योग्यता के अनुसार मुझे शिक्षा दी जाए।' योग्यता का अर्थ धन, पद नहीं, बल्कि त्याग है। औषधि की चर्चा नहीं, बल्कि औषधि रोगी के लिए उपयोगी है। प्रतिकूलता में अस्तित्व बचाने वालों को स्वयं की तुलना करके उनके भगीरथ प्रयास को बौना बनाया जाता है।

## संपादकीय

# आखिर कब होगा लापरवाही का अंत?

कुछ काम-धंधे ऐसे होते हैं, जिनमें हर वक्त हादसे की आशंका बनी रहती है। इसलिए उनमें सतर्कता और सुरक्षा संबंधी उपायों का गंभीरता से पालन ही सबसे कारगर तरीका माना जाता है। मगर हमारे देश में औद्योगिक सुरक्षा संबंधी नियम-कायदों को किस तरह ताक पर रख कर बहुत सारे कल-कारखाने चल रहे हैं, यह छिपी बात नहीं है। इनकी मनमानियों पर नजर रखने वाले अमले आंखें बंद किए रहते हैं। उनकी आंखें तब खुलती हैं, जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है। तब कुछ दिन की सतर्कता और नियम-कायदों के पालन में बरती जाने वाली लापरवाहियों के खिलाफ कड़े कदम उठाने का दम भरने के साथ फिर से आंखें बंद कर ली जाती हैं। इसी का नतीजा है कि कल-कारखानों में हादसों और उनमें काम करने वाले मजदूरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं लेता। तमिलनाडु के कांचीपुरम में एक पटाखा कारखाने में लगी आग में नौ मजदूरों के मारे जाने और बारह के गंभीर रूप से घायल हो जाने की घटना उसी की एक कड़ी है। इस तथ्य से कोई अनजान नहीं कि पटाखों के निर्माण में अतिज्वलनशील पदार्थों का इस्तेमाल होता है, उनके कारखानों में लापरवाही की मामूली चिनगारी भी भयावह रूप ले सकती है। फिर भी ऐसे हादसे हो जाते हैं, तो जाहिर है कि उनमें जरूरी सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। हर घटना के बाद यह सवाल उठता है कि आखिर सरकारें पटाखा बनाने वाले कारखानों में मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने में कैसे विफल हैं। दक्षिण भारत में पटाखे का निर्माण बड़े पैमाने पर होता है। इनमें ज्यादातर काम मजदूर हाथ से करते हैं। पटाखे बनाने से लेकर उनके भंडारण तक। इस काम के लिए उन्होंने कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं लिया होता है। इसी का लाभ अक्सर कारखाना मालिक उठाते हैं। हालांकि पटाखे बनाने के लिए लाइसेंस लेना पड़ता है, उससे संबंधित नियम-कायदे बहुत सख्त हैं। फिर भी कारखाना मालिक सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने से बाज नहीं आते। फिर जो कारखाने चोरी-छिपे चलाए जाते हैं, उनसे भला नियम-कायदों के पालन की कितनी उम्मीद की जा सकती है। औद्योगिक हादसों पर लगाम न लग पाने की एक बड़ी वजह यह भी है कि उनमें मारे जाने वाले लोगों के लिए मुआवजे का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। दूसरे देशों में औद्योगिक हादसों पर इतना कड़ा जुमार्ना है कि हर कारखाना मालिक उससे बचने के उपाय करता है। हमारे यहां अक्सर हादसे के बाद प्रशासन खुद कारखाना मालिक और मारे गए मजदूरों के परिजनों के बीच समझौता करा कर कुछ मुआवजा दिला देता है। बड़ा हादसा होता है, तो कई बार सरकारें भी कुछ मुआवजा दे देती हैं। मगर वह राशि इतनी कम होती है कि उस परिवार का कुछ साल भी गुजारा चलना मुश्किल होता है। इसके चलते कारखाना मालिकों को हादसों का कोई खौफ नहीं रहता। यह केवल पटाखा निर्माण तक सीमित नहीं है, तमाम ऐसे कारखानों में उच्च ताप-दाब पर चलने वाले बायलर तक अप्रशिक्षित मजदूरों के भरोसे चलाए जाते हैं।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# बढ़ता संक्रमण...

सरकार इन्फ्लूएंजा और कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सतर्क हो गई है। प्रधानमंत्री ने इसके लिए उच्चस्तरीय बैठक बुलाई और संबंधित महकमों को इस मामले में मुस्तैदी बरतने को कहा है। जांच बढ़ाने और कोरोना बहुरूपों पर नजर रखने की हिदायत दी है। अच्छी बात है कि सरकार ने समय रहते इस मामले में चौकसी बरतनी शुरू कर दी है। हालांकि भारत में अभी कोरोना संक्रमण की दर दूसरे देशों की तुलना में काफी कम है। हर दिन आठ से नौ सौ के बीच मामले दर्ज हो रहे हैं। मगर यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कोरोना का प्रकोप अभी खत्म नहीं हुआ है और जरी-सी लापरवाही भी खतरनाक रूप ले सकती है। फिलहाल इसलिए भी कम मामले दर्ज हो रहे हैं कि कोरोना की लहर थम जाने के बाद अस्पतालों में जांच वगैरह में शिथिलता आ गई थी। जब इन्फ्लूएंजा का प्रकोप बढ़ना शुरू हुआ और जांचें होने लगीं तब कोरोना के भी मामले सामने आने लगे। हालांकि अभी इसके खतरनाक रूप लेने के प्रमाण सामने नहीं आए हैं, मगर स्वास्थ्य विभाग के लिए इस आधार पर किसी भी तरह की लापरवाही बरतने की छूट नहीं मिल सकती। भारत ने कोरोना की खतरनाक लहर के वक्त भी उस पर काबू पाने में सफलता हासिल की थी, जबकि तब कोरोना के टीके सभी के लिए उपलब्ध नहीं थे। देश एक त्रासद अनुभव से गुजर चुका है। अब इस पर काबू पाने के उपाय मौजूद हैं। दवाएं उपलब्ध हैं। ऐसे में कोरोना से निपटने में किसी तरह की अड़चन नजर नहीं आती। मगर समस्या लोगों की आदतों में आए बदलाव की जरूर है। कोरोना की लहर थमने के साथ ही लोग कोरोनोचित व्यवहार छोड़ कर फिर से पुराने ढर्रे पर लौट आए हैं। हाथ धोना, नाक-मुंह न ढंकना, भीड़भाड़ वाले और सार्वजनिक स्थानों पर लापरवाही बरतना आदि आदतें फिर अपना ली गई हैं। इसके चलते कोरोना और इन्फ्लुएंजा के तेजी से फैलने की आशंका बनी हुई है। हालांकि प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे कोरोना से बचाव संबंधी उपायों पर अमल करें, मगर इस दिशा में लोग कितने सतर्क होंगे, कहना मुश्किल है। पहले नाक-मुंह न ढंकने पर जुमार्ने का प्रावधान था, फिर भी लोग खुले मुंह घूमने से बाज नहीं आते थे। अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि लोग किस कदर अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी उपायों के पालन में भी लापरवाही बरतते हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही स्वास्थ्य कर्मियों और दूसरे संबंधित महकमों पर जिम्मेदारी आ जाती है कि वे लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक बनाएं। जिन समस्याओं पर सामान्य नागरिक बोध और निजी जागरूकता से काबू पाया जा सकता है, उनके लिए भी कड़े कानून लागू करने पड़ें तो उसे जागरूक और जिम्मेदार समाज की निशानी नहीं कहा जा सकता। इसलिए सरकारी महकमों की सतर्कता के साथ-साथ आम लोगों से भी अपेक्षा की जाती है कि वे इस बीमारी से पार पाने में निजी तौर पर सहयोग करें। संक्रामक बीमारियों से बचाव का सबसे कारगर तरीका यही माना जाता है कि लोग खुद अपनी सुरक्षा करें। हालांकि देश की बहुसंख्य आबादी को कोरोना टीके की दोनों जरूरी खुराक दी जा चुकी हैं, बुजुर्ग और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले बहुत सारे लोगों ने एहतियाती खुराक भी ले ली है। इस तरह कोरोना का प्रभाव लोगों पर पहले की तरह खतरनाक रूप में न होने की उम्मीद की जाती है। मगर इस आधार पर लापरवाही बरतने की छूट नहीं मिल जाती।

## भगवान आदिनाथ से महावीर जयंती तक घर-घर मंगलाचार कार्यक्रम दुर्गापुरा में



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल के द्वारा भगवान आदिनाथ से महावीर जयंती तक घर घर मंगलाचार कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शीला डोडिया एवं राजस्थान अंचल अध्यक्ष श्रीमती शालिनी बाकलीवाल के निर्देशन में बड़े हर्षोल्लास के साथ पूरे भारतवर्ष में मनाया जा रहा है।इसके अंतर्गत त्रिशला संभाग दुर्गापुरा में दिनांक 24 मार्च को दुर्गापुरा मन्दिर के अध्यक्ष प्रकाश चंद - मनोरमा चांदवाड के निवास स्थान पर णमोकार भक्तामर का पाठ एव भजन भक्ति के साथ किया। सभी समाज बंधुओं ने भाग लिया। ग्रुप अध्यक्ष श्रीमती चंदा सेठी, सचिव श्रीमती रेनू पांड्या ने बताया कि यह कार्यक्रम महावीर जयंती तक पूरे दुर्गापुरा जैन समाज में घर-घर में मनाया जाएगा।कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रेखा लुहाड़िया, दुर्गापुरा मंदिर के मंत्री राजेंद्र काला एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# भगवान महावीर की जीवनी पर आधारित नाटक का मंचन किया



## भगवान महावीर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया

**टोंक. शाबाश इंडिया**

शनिवार को सोनी भवन पुरानी टोंक में आदिनाथ शुभकामना परिवार एवं जैन महिला मंडल पुरानी टोंक द्वारा घर-घर मंगलाचार कार्यक्रम के तहत भगवान महावीर के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। आदिनाथ शुभकामना परिवार की संयोजक मधु लुहाड़िया ने बताया कि आदिनाथ शुभकामना परिवार शाखा पुरानी टोंक एवं महिला मंडल पुरानी टोंक के तत्वाधान में सोनी भवन पुरानी टोंक में शनिवार को घर-घर मंगलाचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम भगवान महावीर स्वामी के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वलन किया गया णमोकार एवं भक्तामर के पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई भगवान महावीर स्वामी की भक्ति में महिलाओं ने भजन एवं विनतिया गाकर भक्ति नृत्य प्रस्तुत किये मंजू सोनिया सारिका इंदिरा संजू मधु आदि ने भगवान महावीर के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन किया एवं भगवान महावीर के पांच सिद्धांतों अहिंसा सत्य अपरिग्रह अस्तेय ब्रह्मचर्य को जीवन में अपनाने का संदेश दिया भगवान महावीर की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर संतरा उषा संजू सोनू संतोष अनीता चंद्रकांता मधु आदि मौजूद थी शुभकामना परिवार द्वारा घर-घर मंगलाचार कार्यक्रम का आयोजन जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव 3 अप्रैल तक होगा जिसमें शुभकामना परिवार के सभी सदस्य प्रतिदिन अलग-अलग सदस्यों के घर पर इस कार्यक्रम का आयोजन करेंगी।

## नवनिर्मित कमल सिहांसन पर मूलनायक चिंतामणि पार्श्वनाथ विराजमान



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री केसरिया पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर केसर चौराहा में शनिवार को नवनिर्मित कमल सिहांसन पर मूलनायक चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान को विराजमान किया गया। श्री केसरिया पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष महावीर कासलीवाल एवं मंत्री नरेश जैन ने बताया मूलनायक भगवान को नवनिर्मित कमल सिहांसन पर विराजमान करने का सौभाग्य नरेन्द्र श्रीमाल सूंदर नगर वालों को प्राप्त हुआ।इस अवसर पर श्रीजी का प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य राजेन्द्र बैद राधिका विहार वालों को प्राप्त हुआ। सभी महिलाओं ने इस अवसर पर मंगल गीत गाये। कार्यक्रम पंडित विमल बनेठा वालों के निर्देशन में सम्पन्न हुए।

### गुरुदत्तादि उदासीन आश्रम द्रोणगिरी के कार्यकारिणी चुनाव संपन्न

## संतोष जैन घड़ी अध्यक्ष, गजेंद्र जैन मंडी मंत्री, मनीष विद्यार्थी प्रचार मंत्री बने



**बड़ामलहरा. शाबाश इंडिया।** गुरूदत्तादि उदासीन आश्रम द्रोणागिरी जिला छतरपुर के पांच वर्षीय चुनाव संपन्न हुए, जिसमें सर्वप्रथम मंगलाचरण के साथ साधारण सभा की मीटिंग प्रारंभ हुई ।कोषाध्यक्ष महेश शास्त्री बड़ामलहरा द्वारा वार्षिक आय- व्यय की जानकारी दी, आश्रम के विकास के लिए चल रही अनेक योजनाओं को कैसे सफल बनाया जा सके इस पर सभी ने विचार व्यक्त किए, उदासीन आश्रम की समिति द्वारा श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया । जिसमें नवनिर्वाचित मंत्री सनत कुटोरा, संयुक्त मंत्री प्रमोद पाटन ,निर्मल जैन वारा, उपमंत्री कमल जैन सुरजपुरा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन टस्ट कमेटी के मंत्री महेंद्र जैन एलआई सी इंदौर में किया। मीटिंग में उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा उदासीन आश्रम में निमार्णाधीन सहस्त्र कूट चैत्यालय के फोल्डर का विमोचन किया गया, उसके बाद आश्रम की टस्ट कमेटी के अध्यक्ष श्री नारायण दास फौजदार भगवां मंत्री महेंद्र जैन एलआई सी इंदौर शिखरचंद शास्त्री बड़ामलहरा जैनेंद्र कुमार रामटोरिया कमल कुमार शाहगढ़ , संतोष कुमार घड़ी द्वारा साधारण सभा की अनुशंसा में चुनाव संपन्न हुए, जिसमें सभी निर्विरोध पदाधिकारी निर्वाचित हुए, जिसमें अधिष्ठाता भागचंद पीली दुकान बड़ामलहरा दुकान ,उपअधिष्ठाता पं. मुन्नालाल भगवां, अध्यक्ष संतोष जैन घड़ी सागर आदि पदाधिकारी निर्वाचित हुए।








# न्यू आतिश मार्केट में आयोजित रक्तदान शिविर में 103 यूनिट रक्त एकत्र हुआ

## 300 से ज्यादा लोग उपस्थित हुए 175 ने रजिस्ट्रेशन कराया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भगवान महावीर के 2621 वे जन्मोत्सव के अंतर्गत आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के सहयोग से श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा महासभा जिला जयपुर, भारतीय जैन मिलन एवं रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर, जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन नवकार किचन हार्डवेयर आतिश मार्केट में दिनांक 25 मार्च 2023 को लगाया गया। जैन मिलन अध्यक्ष अनिल जैन, सचिव तरुण जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर मुख्य अतिथि समाज सेवी दीपक पायल बिलाला ने दीप प्रज्वलन करके शुरूआत की। शिविर में जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन चेयरमैन नेशनल कमिशन फॉर माइनॉरिटी एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन न्यू दिल्ली, श्रीमती अर्चना शर्मा,अध्यक्ष, राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड, अब्दुल गफ्फार जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, सुरेंद्र पांड्या राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, धन कुमार जैन असिस्टेंट सेक्रेटरी सामान्य प्रशासन विभाग, राकेश गोदिका अध्यक्ष सन्मति ग्रुप, दर्शन बाकलीवाल, परामर्शक रक्तदान शिविर, मनीष लोंग्या कार्याध्यक्ष सन्मति ग्रुप, अनिल संघी सचिव सन्मति ग्रुप, राजेश छाबड़ा संगठन मंत्री, सन्मति ग्रुप, अशोक सेठी, सपन छाबड़ा कार्यकारिणी सदस्य, अनिल रावका पूर्व सचिव, सन्मति ग्रुप और जैन समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारतीय जैन मिलन की अध्यक्ष पूनम तिलक, सचिव अनिता जैन उपाध्यक्ष सुनीता जैन, मुख्य संयोजक सारिका जैन, अनिता बारदार, प्रिया जैन, रश्मि छाबड़ा सीमा गोधा, प्रेरणा लुहाड़िया आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सन्मति ग्रुप अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि शिविर में 300 से ज्यादा लोग उपस्थित हुए, 175 रजिस्ट्रेशन हुए तथा 103 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।







## भगवान महावीर के 2621 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के सहयोग से

मुख्य प्रायोजक: R K GROUP, Kishangarh, Rajasthan, lasting impressions; WONDER CEMENT, EK PERFECT SHURUAAT; www.rkmarble.com | www.wondercement.com

सह प्रायोजक: ARL, ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक: समाचार जगत

## विभिन्न संस्थाओ के सहयोग से 30 स्थानों पर

# रक्तदान शिविर

### क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये ।।

**मानव सेवार्थ 2621 यूनिट रक्त एकत्र करने के लक्ष्य के साथ निम्न 30 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं ।**

| क्र.सं. | रक्तदान शिविर: दिनांक | रक्तदान शिविर: समय | रक्तदान शिविर स्थल | शिविर आयोजक | रक्तदान शिविर आयोजक: अध्यक्ष | मंत्री/सचिव | सम्मानीय अतिथि | संयोजक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15. | 26 मार्च | प्रातः 9 से 2 बजे तक | श्री दिगम्बर जैन मन्दिर<br>लाल डिब्बा चौराहे के पास, मुरलीपुरा, जयपुर | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप वीर<br>श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर सेवा समिति, मुरलीपुरा | श्री नीरज जैन<br>श्री धर्मचन्द बड़जात्या | श्री पंकज जैन<br>श्री नीरज जैन | ------- | श्री आशीष जैन |
| 16. | 26 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | बंजी ठोलिया की धर्मशाला<br>हल्दीयों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर | जौहरी बाजार महिला मण्डल<br>जयपुर | डॉ. शीला जैन | डॉ. पुष्पा सौगानी | श्री श्रवण कुमार<br>सुनिल, सौरभ गोदिका<br>श्री शैलेश-सुनीता पाण्ड्या | श्रीमती नीरा लुहाड़िया, तरूणा संघी, विद्या कासलीवाल<br>राज गोधा, सुधा शाह, सुधा वैद, इंदु संघी<br>नलिनी कटारिया, रीना ठोलिया, अर्चना पाटनी<br>मिनाक्षी सोनी, ममता शाह, उमा पाटनी, कविता अजमेरा<br>साधना गोदिका, संगीता छाबड़ा, बबिता सोगानी |
| 17. | 26 मार्च | प्रातः 10 से 3 बजे तक | श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर<br>थड़ी मार्केट, मानसरोवर, जयपुर | दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार<br>श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन समिति, थड़ी मार्केट<br>श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर महिला मण्डल | श्री मोहनलाल गंगवाल<br>श्री पवन कुमार जैन (नगीना वाले)<br>श्रीमती भंवरी बाई | श्री गिरिश कुमार जैन<br>श्री अनिल कुमार जैन | ------- | श्री ज्ञानचन्द जैन<br>श्री शरद हींगड़<br>डॉ. अजीत कुमार जैन |
| 18. | 26 मार्च | प्रातः 9 से 1 बजे तक | श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर<br>मधुवन, किसान मार्ग, टोंक फाटक, जयपुर | श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रबन्ध समिति<br>जय जिनेन्द्र महिला मण्डल<br>सेवार्थ संगठन | श्री संतोष जैन अनोपड़ा<br>श्रीमती उषा छाबड़ा | श्री अनिल छाबड़ा<br>श्रीमती मंजू पहाड़िया | श्रीमती माणक देवी, दिलीप, किशोर, सुनील, अभिनव कासलीवाल<br>श्री सुभाष चन्द-प्रभारानी जैन<br>श्रीमती मनोरमा, सुनील, अनिल छाबड़ा | श्री राजेश छाबड़ा<br>श्री जितेन्द्र पाटौदी |
| 19. | 26 मार्च | प्रातः 9 से 3 बजे तक | वर्धमान भवन, दिगम्बर जैन समाज समिति<br>नेमीसागर कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर | श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति | श्री जे.के. जैन<br>(कालाडेरा) | श्री प्रदीप निगोतिया | ------- | श्री जयकुमार बड़जात्या, पूनम ठोलिया<br>विपिन पाटनी, नीरज पहाड़िया<br>विकास कासलीवाल, गौरव अजमेरा, राजेन्द्र सेठी |
| 20. | 27 मार्च | प्रातः 10 से 3 बजे तक | जिला सत्र न्यायालय, सांगानेर<br>बम्बाला पुलिया, प्रताप नगर, जयपुर | दी बार ऐसोशिएशन, सांगानेर | एडवोकेट<br>महावीर सुरेन्द्र जैन | एडवोकेट<br>नेमीचन्द सांभरियां | ------- | एडवोकेट सुरेन्द्र कुमार जैन<br>एडवोकेट संजय कुमार जैन<br>एडवोकेट अमित जैन |

### समाज भूषण स्वर्गीय श्री राजेन्द्र के. गोधा जी की पुण्य स्मृति में

# भक्तामर स्तोत्र दीप अनुष्ठान एवं जीवन रक्षक सम्मान समारोह-2023

(रक्तदान शिविर आयोजन करने में सहयोग करने वाली समस्त संस्थाओं का सम्मान किया जायेगा)

रविवार, 2 अप्रेल 2023
सायं 7.00 बजे से
छतरी वाला भाग, भट्टारक जी की नशियां
नारायण सिंह सर्किल, जयपुर

**:: आयोजन समिति ::**

मुख्य समन्वयक: यश कमल - संगीता अजमेरा
परामर्शक: दर्शन - विनीता बाकलीवाल
समन्वयक: मनीष - शोभना लोंग्या

सह-समन्वयक :: विनोद - हेमा सोगानी, चक्रेश -पिंकी जैन, अनिल-प्रेमा रांवका
राजेश - रानी पाटनी, अनिल - ज्योति जैन चौधरी

संयोजक :: धीरज-सीमा पाटनी, नितेश-मीनू पाण्ड्या,
संजय-ज्योति छाबड़ा, सपन-रजनी जैन छाबड़ा, पंकज-नीना जैन
विजय-माया झांझरी, सुधीर-अलका गोधा, अजय-वर्षा बाकलीवाल

**निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर**

राजेश-सीमा बड़जात्या (अध्यक्ष), अनिल-शशि जैन (संस्थापक अध्यक्ष), निर्मल-सरला संघी (महासचिव)
महेन्द्र कुमार पाटनी (वरिष्ठ परामर्शक), सुरेन्द्र-मदुला पाण्ड्या (परामर्शक), नवीन सेन-शशि जैन (परामर्शक)
यशकमल-संगीता अजमेरा (निर्वतमान अध्यक्ष), अतुल-निलिमा बिलाला (पूर्व अध्यक्ष), पारस-मंजू जैन (कोषाध्यक्ष)

**आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर**

राकेश-समता गोदिका (अध्यक्ष), दिनेश-संगीता गंगवाल (परामर्शक), मनीष-शोभना लोंग्या (कार्याध्यक्ष), सुनील-सुनीता गोदिका (उपाध्यक्ष), चक्रेश-पिंकी जैन (उपाध्यक्ष), राकेश-रेणु संघी (उपाध्यक्ष), महेन्द्र-सुनिता कासलीवाल (उपाध्यक्ष), अनिल-निशा संघी (सचिव)
कमल-मंजु ठोलिया (सांस्कृतिक सचिव), राजेश-रितु छाबड़ा (संगठन सचिव), राजेश-रानी पाटनी (संगठन सचिव), प्रदीप-प्राची बाकलीवाल (संयुक्त सचिव), चेतन-डॉ.अनामिका पापडीवाल (संयुक्त सचिव), राजेन्द्र-कुसुम जैन (खेल सचिव), अनिल-अनिता जैन (कोषाध्यक्ष)

कार्यकारिणी सदस्य : अनिल-ज्योति चौधरी * डॉ अनुपम-विनीता जैन * सपन-रजनी छाबड़ा * नितेश-मीनू पाण्ड्या * विशेष आमंत्रित : अशोक-अर्चना पाटनी * अशोक सेठी

सम्पर्क सूत्र :: 9414078380, 9829067076, 9785074581, 9887555249, 9414073035

मुद्रक : वर्धमान प्रिण्टर्स 9314263204



# चेटीचंड पर निकली भव्य शोभायात्रा

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया।**



**नसीराबाद।** स्थानीय सिंधी समाज की ओर से चेटीचंड पर्व गुरुवार को श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सिंधी समाज की ओर से बैंड-बाजों व ढ़ोल-ढमाकों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सायं झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर फ्रामजी चौक, हनुमान चौक, सदर बाजार, स्टेशन रोड, रामलीला चौक, फुलागंज, मोची बाजार होकर पुनः झूलेलाल मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां शामिल की गई। शोभायात्रा में समाज के युवक विभिन्न तरह के स्वांग भरकर मनोरंजन करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के सम्पूर्ण मार्ग को भव्य तरीके व बिजली की आकर्षक रोशनी से सजाया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने चलाया यातायात सतर्कता कार्यक्रम

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



एस एस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा रामबाग सर्किल पर यातायात सतर्कता कार्यक्रम चलाया। प्राचार्य प्रो के बी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा रामबाग सर्किल पर रेड लाइट पर रुके हुए सभी लोगों को यातायात संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई तथा तथा उन्हे यातायात संबंधी विभिन्न दुर्घटनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सभी स्वयंसेवकों ने रेड लाइट क्रॉस करने पर, शराब पीकर गाड़ी चलाने पर, बिना सीट बेल्ट पहनने पर किस तरीके से और कितना जुर्माना लग सकता है। सभी स्वयंसेवकों ने रेड लाइट पर खड़े होकर पुलिसकर्मियों की सहायता से लोगों को विनम्र व्यवहार के साथ यातायात नियमों को नहीं तोड़ने के लिए निवेदन किया। सतर्कता कार्यक्रम में डॉ पवन शर्मा, डॉ विशाल गौतम, डॉ बाबूलाल शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के अतिरिक्त रिया कुमारी, इमरान खान सहित बहुत से स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक इसमें भाग लिया।

# यशकमल अजमेरा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन में कार्याध्यक्ष मनोनित



## डायमंड ग्रुप कार्यकारिणी ने किया सम्मान

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान रीजन के निवर्तमान अध्यक्ष, डायमंड के संस्थापक अध्यक्ष यशकमल - संगीता अजमेरा को दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश बिनायका एवं शिरोमणि संरक्षिका श्रीमति पुष्पा - प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल एवम उनकी टीम द्वारा राष्ट्रीय कार्यध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया तथा राष्ट्रीय प्रशासनिक सलाहकार पद पर भारत भूषण जैन को मनोनित किया गया। डायमंड ग्रुप की ओर से उन्हें बहुत बहुत बधाई एवम् अनंत शुभ कामनाएं। डायमंड ग्रुप कार्यकारिणी ने एक संक्षिप्त समारोह में उनका सम्मान किया। इस अवसर पर डायमंड ग्रुप के अध्यक्ष प्रमोद- सोनल जैन व सचिव रमेश- संजना छाबड़ा एवम अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
@ 94140 78380, 92140 78380

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com